# डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन
# जबलपुर, म.प्र.

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

# "शिक्षक शिक्षा के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020"

**दिनांक : 11 नवंबर 2021, गुरुवार**
**समय : 11.00 बजे**



मुख्य अतिथि
**प्रो. कपिलदेव मिश्र**
मान. कुलपति
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर



कार्यक्रम अध्यक्ष
**श्री अभिषेक चौबे**
प्रबंधक
डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ
एजुकेशन,जबलपुर



मुख्य वक्ता
**डॉ. एन.एस. धर्माधिकारी**
शिक्षाविद् एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य
कोश्लेश्वर महाविद्यालय पूना (पुणे)
मेम्बर - नैक यू.जी.सी.



विशिष्ट अतिथि
**प्रो. रैना तिवारी**
चैयरमैन
बी.ओ.एस. एजुकेशन
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर



कार्यक्रम आयोजक
**डॉ. भावना सोनेजी**
प्राचार्य
डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ
एजुकेशन,जबलपुर



कार्यक्रम संयोजक
**श्रीमती ज्योति शुक्ला**
सहायक प्राध्यापिका
डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ
एजुकेशन,जबलपुर

Meeting on Meet

Registration Link : https://forms.gle/itV3W1dAvwmr2L7Y9
Google meet Link : https://meet.google.com/suj-ounr-ihx
Youtube Link : https://youtu.be/fs4e711BOJw

Live Streaming on YouTube

Contact : 9827676766, 9827046804 Email : chowbey-abhi27@yahoo.in

"Dr. Radhakrishnan College of Education Jabalpur"

# "एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला"


# "शिक्षक शिक्षा के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020"


## दिनाँक → 11 नवम्बर - 2021

डॉ० राधाकृष्णनन् कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था → "शिक्षक- शिक्षा के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020"। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे संस्था के प्रबंधक श्री अभिषेक चौबे जी एवं प्राचार्या डॉ० भावना सोनेजी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए कार्यक्रम संयोजक - श्रीमति ज्योति शुक्ला द्वारा माँ सरस्वती जी का स्मरण करते हुए किया गया।

"शुभम करोति कल्याणम आरोग्यं धन संपदा।
शत्रुबुद्धि विनाशाय दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते॥"


76% 11:20
suj-ounr-ihx
Akshay
89 others
jyoti shu


D
N
A
S
A M


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रानी दुर्गावती विश्व-विद्यालय के कुलपति माननीय कपिल देव मिश्र जी रहे। जिनके आशीर्वाद से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ॰ एन. एस॰ धर्माधिकारी जी थे। जो कि सेवानिवृत्त प्राचार्य कोशलेश्वर महाविद्यालय पुणे से थे। वर्तमान में वे शिक्षाविद व नेक यू.जी.सी. कमेटी के विगत 11 वर्षों से मेम्बर हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इनका 48 वर्षों से योगदान रहा है। धर्माधिकारी जी ने गणित विषय में पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है।

"शिक्षक-शिक्षा के संबंध में राष्ट्रीय शिक्षा-नीति-2020" के संबंध में धर्माधिकारी जी ने बहुत ही ज्ञानवर्धक बातों से हमें परिचित कराया। उन्होंने शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाओं में ICT के महत्व को बताया। शिक्षकों के लिए PPT के महत्व का वर्णन करने के उपरांत उन्होंने डिस्टेंस लर्निंग के महत्व के विषय में विस्तार से बताया।

इसके अतिरिक्त मूल्यांकन प्रणाली में होने वाले परिवर्तन से हमें परिचित कराया। शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाओं में वाई-फाई की उपयोगिता पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।


suj-ounr-ihx
G
Gitesh
R
Ruchi
jyoti shukla
Nagnath
S
Skill
C
chanchal
S
N
Pooja Chandel joined


suj-ounr-ihx
Dr. Bhawana
Seema
Riya Tiwari joined


कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि रानी दुर्गावती विश्व-विद्यालय के बोर्ड ऑफ स्टडी की चेयरमेन एवं विजय-श्री शिक्षण संस्थान की एच.ओ.डी. प्रो० रैना तिवारी मैडम रहीं। रैना मैडम ने संदर्भित विषय से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य हमारे समक्ष रखे। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 से संबंधित कई महत्वपूर्ण तथ्य, जैसे- शिक्षा में एक बड़ा बदलाव, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, एवं एक जैसी शिक्षा व्यवस्था तथा शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण आदि मुद्दों पर चर्चा की। जिससे कार्यशाला से जुड़े सभी शिक्षक व विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

तत्पश्चात् कार्यक्रम की आयोजक डॉ० भावना सोनेजी जो कि संस्था में प्राचार्य पद पर कार्यरत् हैं, के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों तथा शिक्षकों सभी के लिए एक नई दिशा है।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में गूगल मीट एवं यू-ट्यूब के द्वारा डॉ॰ राधाकृष्णन् कॉलेज ऑफ एजुकेशन के समस्त शिक्षकगण, ऑफिस स्टाफ एवं डी.एल.एड., बी.एड. तथा एम.एड. के समस्त विद्यार्थी भी जुड़े थे। सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यशाला में सहभागिता निभाई।

कार्यशाला के अंत में शिक्षकों विद्यार्थियों द्वारा सभी वक्ताओं से प्रश्न पूछे गए। व विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर अपनी समस्याओं का समाधान किया गया।

कार्यशाला का समापन संस्था की सहायक-प्राध्यापिका श्रीमति ज्योति शुक्ला जो कि कार्यक्रम की संयोजक रही, के द्वारा सभी अतिथियों एवं वक्ताओं तथा संस्था के प्रबंधक श्री अभिषेक चौबेजी एवं प्राचार्य डॉ॰ भावना सोनेजी व सभी शिक्षकों, प्राध्यापकों, प्राचार्यों व विद्यार्थियों के आभार प्रदर्शन द्वारा किया गया।


12:19
suj-ounr-ihx
RAMPRAKASH AHIRVAR and 1 more have left
Rajeshwari
Madhuri
68 others

इस प्रकार अपरान्ह 12:30 बजे कार्यशाला का समापन कर विद्यार्थियों व समस्त शिक्षकों व प्राध्यापकों को फीड फार्म की लिंक प्रदान कर ई-सर्टिफिकेट प्रेषित किए गए।

इस प्रकार सफलतापूर्वक कार्यशाला संपन्न हुई।

---

JShukla
11/11/2021

श्रीमति ज्योति शुक्ला

कार्यक्रम संयोजिका

सहायक प्राध्यापिका